## उमरिया में अनियंत्रित बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में सड़क हादसों का सिलसिला लगातार जारी है, और एक और दर्दनाक हादसा उमरिया जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां एक अनियंत्रित बस ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल युवक को शहडोल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।




घटना के अनुसार, यह हादसा शाम के समय हुआ जब बाइक सवार देव प्रताप (24 वर्ष) और दिनेश अगरिया (25 वर्ष) अपने गांव बड़ार से मानपुर की ओर जा रहे थे। तभी परमार बस सर्विस की बस, जिसका नंबर एमपी 21 पी 0172 था, ने शिव पेट्रोल पंप के पास बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीसरा युवक समर सिंह (24 वर्ष), जो उसी बाइक पर सवार था, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

मृतकों के परिजनों ने बताया कि ये तीनों युवक गांव के थे और शाम के वक्त ताला की ओर जा रहे थे। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय निवासी शैलेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजने में मदद की। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों युवक दम तोड़ चुके थे।

मानपुर पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और दोनों मृतकों का पोस्टमॉर्टम आज कराया जाएगा। इस दुर्घटना ने सड़क सुरक्षा की गंभीरता को एक बार फिर से उजागर किया है, क्योंकि सड़क हादसों में हो रही लगातार मौतें चिंता का विषय बन गई हैं।

## कोई भी व्यक्ति अपने खेत की मेड़ों में बिजली करंट प्रवाहित नहीं करेगा

**सिंगरौली, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत एवं पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार किसानों के द्वारा खेतों में अपनी फसल को जंगली जानवारों से बचाने के लिए मेड़ों पर लगी तार फेंसिंग में बिजली का करंट लगा दिए जाने से उसकी चपेट में आने के कारण आम जन एवं जानवारो की मृत्यु होने की घटनाएं लगातार प्रकाश में आ रही है।

पुलिस अधीक्षक सिंगरौली द्वारा किसानों को खेतों की मेड़ों पर अवैधानिक रूप से बिजली का करंट लगाए जाने से रोकने के लिए प्रतिबंधत्मक आदेश जारी किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। जिसके तारतम्य में जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा नागरिक सुरंक्षा संहिता 2023 की धारा 63 के तहत निम्नानुसार प्रतिबंधत्मक आदेश जारी किया है।

## 16 से 20 तक रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

### करकेली में चलेगा यार्ड मॉडिफ़िकेशन का कार्य

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल-कटनी के बीचकरकेली स्टेशन को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने के लिए करकेली स्टेशन में यार्ड मॉडिफ़िकेशन का कार्य किया जाएगा जिसके फलस्वरुप यात्री गाड़ियों को एक बार फिर रद्द किया जा रहा है।



बिलासपुर रेल मंडल प्रबंधक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 16 नवम्बर से 19 नवम्बर तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस और 17 नवम्बर से 20 नवम्बर तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 नवम्बर से 19 नवम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस और 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस, 18 नवम्बर को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल और 19 नवम्बर को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

इसी प्रकार 17 नवम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस, 18 नवम्बर को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस, 14 नवम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस और 16 नवम्बर को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19 नवम्बर को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल, 19 नवम्बर को अनूपपुर से चलने वाली 05756 अनुनपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल और 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

जानकारी के अनुसार 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी-पैसेंजर स्पेशल,16 नवम्बर से 19 नवम्बर तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल और 17 नवम्बर से 20 नवम्बर तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

## सार-समाचार

### पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं जनमन आवास योजना में प्रगति लाने के जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

**उमरिया, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री जन मन आवास योजनांतर्गत जिले में पात्र हितग्राही के पंजीयन, स्वीकृति एवं प्रथम किश्त जारी करने में संख्यानुसार गेप है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत शेष अपूर्ण आवासों को ए, बी, सी मे चिन्हित कर 10 अगस्त तक प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए थे। स्वीकृत आवासों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग की कार्यवाही, रिमांड बेनिफिशरी के सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृतियां के अनुरूप शत प्रतिशत प्रथम किश्त जारी की कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे, किंतु कुबेर सिंह विकासखण्ड समन्वयक करकेली, मो0इब्राहिम नोमानी विकासखण्ड समन्वमयक पाली तथा अभिषेक पांडे विकासखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मानपुर व्दारा कार्यवाही नही की गई, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने निर्देशित किया है कि तीन दिवस के अंदर योजना अंतर्गत अपेक्षित प्रगति लावे अन्यथा की स्थिति में आपके विरूध्द संविदा शर्तो के अनुरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### डाइट में हुआ दो दिवसीय उन्मुखीकरण

**शहडोल, देशबन्धु।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 हेतु फील्ड इन्वेस्टगेटर का दो दिवसीय उन्मुखीकरण 07 एवं 08 नवम्बर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट शहडोल में आयोजित हुआ। इस उन्मुखीकरण में प्राचार्य डाइट रमाशंकर गौतम के मार्गदर्शन में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अनिल श्रीवास्तव डाइट शहडोल और अनिल पटेल एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें डाइट के अकादमिक स्टाफ श्रीमती अभिलाषा मिश्रा, पुष्पेन्द्र तिवारी, डॉ. प्राची भटनागर, डॉ.अनामिका मिश्रा और केदार प्रसाद मिश्रा ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।



### द्वारी एवं विक्रमपुर में तीन दिवसीय आधार शिविर 12 नवम्बर से

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर गुनौर विकासखण्ड के ग्राम द्वारी एवं विक्रमपुर में तीन दिवसीय आधार शिविर का आयोजन 12 से 14 नवम्बर तक किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। संबंधित हितग्राही शिविर में उपस्थित होकर नवीन आधार पंजीयन के साथ आधार कार्ड अपडेशन भी करा सकेंगे। शिविर के लिए सुपरवाईजर महेन्द्र कुमार यादव 7389501048 की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर कल

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा सोमवार, 11 नवम्बर को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण की अपील की गई है।

### चिपाडनाथ धाम में भंडारा आयोजित

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत मऊ के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर चिपडनाथ धाम में भंडारे आयोजन रितेश श्रीवास्तव बीएससी ब्यौहारी द्वारा कराया गया उल्लेखनीय है कि पूर्व बीआरसी रितेश श्रीवास्तव 29 सालों से लगातार मंगलवार व्रत का पालन कर रहे थे 29 साल बाद उन्होंने मंगलवार व्रत का उद्यापन कर दिया इस अवसर पर चिपाड नाथ धाम में विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया जिसमें क्षेत्र के जाने माने लोग पहुंचे। जिनमें प्रमुख रूप से हीरालाल लाल पेंड्रो ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर, पुष्पेंद्र पटेल जिला पंचायत सदस्य, उज्जवल केशरी, मनोज कुमार गुप्ता, बीआर सीसी, कमलाकांत मिश्रा, रवि मिश्रा, पद्म पाणि द्विवेदी, अखिलेश तिवारी राजेश सिंह शिक्षक, रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, उनके ईस्ट मित्रों सहित 500 लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



## विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**शहडोल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार में छात्रों के मध्य एक लम्बे समय से परीक्षा परिणाम को लेकर उत्पन्न समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बुढार-धनपुरी के छात्रों नें महाविद्यालय की प्राचार्य को मांग पत्र सौंपा तथा समस्या का समाधान करानें की पूवजोर मांग की।

महाविद्यालय के प्राचार्य को 19 सूत्रीय मांगों से युक्त मांग पत्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा।

प्राचार्य को दिये गये मांग पत्र में मुख्यत: यह मांग रही कि - विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी किए गए तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में 60 प्रतिशत से अधिक छात्र पूरक की श्रेणी में आये हैं, और ऐसे परिक्षार्थीयों के कॉपी की पुन: जांच करावायी जाये, विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम वर्ष के पूरक फॉर्म भरने की अवधि जारी कर दी गई है, परंतु अभी तक विश्वविद्यालय में परिणाम जारी नहीं किया जा सका हैं, वहीं विश्वविद्यालय ने इस वर्ष फार्म भरनें की फीस घटाकर छात्रों को बांकी राशि वापस करने को कहा गया था, जो अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है, उसे पूरा किया जाए तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा सत्र 2024 से महाविद्यालय को शंभूनाथ शुक्ला वि.वि.से संबद्ध करने की बात कही गई थी जिसका क्रियान्वयन अभी तक नहीं किया जा सका है, इसका क्रियान्वयन तत्काल कराया जाए, एवं महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर कैमरे की सुविधा सुलभ करायी जाये, तथा महाविद्यालय के छात्रों को पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करायी जाये, महाविद्यालय परिसर के बाहर लगाये जा रहे मादक पदार्थ के दुकानों को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की जाये और महाविद्यालयीन कक्षाओं को सही समय पर संचालित कराये जानें के अलावा अन्य मांगे सम्मिलित रही।

महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता मसी नें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा दिये गये मांग पत्र पर विचार-विमर्स किये जाकर निराकृत कराये जानें आश्वस्त कराया गया।

## तेंदुए ने हमला कर दो को किया घायल

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार की सुबह एक तेंदुए ने हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

घटना मानपुर बफर परिक्षेत्र के कुदरी गांव की है, जहां तेंदुए ने हमला कर पहले लवकेश पिता कटकू बैगा को घायल किया, फिर गांव के एक घर में घुस गया और वहां 13 वर्षीय मोनिका पिता उदयभान सिंह को घायल कर जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद पार्क प्रबंधन की टीम गांव पहुंची और घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए शहडोल मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश को देखते हुए पार्क प्रबंधन ने गांव के समीप मौजूद तेंदुए के रेस्क्यू का निर्णय लिया और पार्क की एक्सपर्ट टीम तेंदुए के रेस्क्यू कार्य में जुट गई है।



मानपुर बफर क्षेत्र के कुदारी गांव का मामला

## हत्या करने की नीयत से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली, देशबन्धु।** हत्या की नीयत से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को अमन शर्मा पिता लालबाबू शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी पचौर थाना बैढ़न सिंगरौली और मोनू चौहान पिता अकलेश चौहान उम्र 18 वर्ष निवासी कचनी बेलौहा टोला थाना बैढ़न को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार फरियादी अरविन्द कुमार शाह निवासी पचखोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 8 बजे अम्बेडकर चौक प्लाजा के पास अजीत शाह मैनेजर आदित्य बिड़ला आफिस ताली को कार से जाते समय हत्या करने की नीयत से कार से उतारकर अमन शर्मा पिता लालबाबू शर्मा एवं उसके दो साथियों ने लोहे की राड एवं लात घूसा से मारपीट की, जो आहत अजीत शाह मरणासन्न स्थिति में मिश्रा पाली क्लीनिक बैढ़न में उपचार के लिए भर्ती हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना बैढ़न में अपराध धारा 109,296, 115 (2), 351(3), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। आरोपी अमन शर्मा एवं उसके साथियों की तलाश के लिये घटना समय से हर संभव स्थानों पर तलाश की गई। आरोपी आदतन अपराधी होने से बनारस तरफ भाग कर रह रहे थे। प्रकरण में आरोपी अमन शर्मा पिता लालबाबू शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी पचौर थाना बैढ़न एवं मोनू चौहान पिता अकलेश चौहान उम्र 18 वर्ष निवासी कचनी बेलौहा टोला थाना बैढ़न को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड एवं मोटरसायकल को जप्त किया। आरोपियों को न्यायालय बैढ़न में पेश किया गया। एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम एवं वार्ड स्तरीय दल गठित

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आगामी देवउठनी एकादशी एवं अन्य विवाह मुहूर्त में सामूहिक विवाह के दौरान बाल विवाह की संभावना के दृष्टिगत निगरानी और रोकथाम के लिए ग्राम व वार्ड स्तरीय दल का गठन किया है। दल में सरपंच को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि बतौर सदस्य पंच, शिक्षक, पंचायत सचिव, एएनएम व आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह एवं शौर्या दल के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति तथा एनजीओ के प्रतिनिधि शामिल हैं। दल द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं तथा 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों के विवाह की निगरानी की जाएगी। साथ ही बाल विवाह पाए जाने पर इसे रोकने की कार्यवाही भी करेगी।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

**सिंगरौली, देशबन्धु।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि 9, 10, 11 को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों एवं मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्य के सफल क्रियान्वन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश को नोडल अधिकारी एवं मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी एनके जैन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर शुक्ला ने कहा कि कैम्प के दौरान उस ग्राम पंचायत एवं उसके क्षेत्राधिकार के गावों में निवासरत 70 वर्ष आयु के व्यक्तियों तथा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु अभियान के दौरान समस्त हितग्राहियों को कैम्प स्थल पर लाया जाकर कार्ड बनाया जायेंगा। वही ऐसे व्यक्ति जो कैम्प में आने में असमर्थ होगे एवं आवश्यकता अनुसार घर ध जाकर भी आयुष्मान कार्ड बनायें जाने के निर्देश नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी को दिया गया। साथ ही अभियान के दौरान ग्राम पंचायत के सचिव,ग्राम रोजगार सहायक आशा कार्यकर्ता तथा आगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी निर्देश दिये गये है कि दो दिवसीय कैम्प में अपने ग्राम पंचायत के समस्त उपरोक्त पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करेगे। साथ कार्य में विलंब करने उदासीनता बरतने एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्य नही करने पर काठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जायेगा। कैम्प में कियें गये कार्यो को जानकारी हर 2 घण्टे में नोडल अधिकारी उपलब्ध कराएं।

## सीएमओ पर कलेक्टर ने लगाया जुर्माना

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा हितग्राही को अनुग्रह सहायता राशि का समय-सीमा में भुगतान नहीं होने पर सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले पर जुर्माना अधिरोपित किया है।

अधिनियम के तहत विभिन्न विभागों की अधिसूचित सेवाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में प्रदान करना आवश्यक है। मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित अनुग्रह सहायता योजना का लाभ भी हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में आश्रित को 30 दिवस में प्रदान करना अधिनियम में निर्धारित है। इसके लिए आवेदिका पन्नी बाई कुशवाहा द्वारा लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से गत 22 जुलाई को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न न करने के कारण 5 सितम्बर को आवेदन निरस्त करने की कार्यवाही की गई, जबकि श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा निकाय से जानकारी प्राप्त करने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा 23 अक्टूबर को प्रतिवेदित किया गया कि ई-केवायसी न होने के कारण लाभ दिया जाना संभव नहीं है। इसके उपरांत श्रम विभाग द्वारा आवेदिका की समग्र आईडी की जांच के दौरान पाया गया कि आवेदिका की पूर्व से ही ई-केवायसी पूर्ण हैं। इससे स्पष्ट है कि मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता योजना के तहत पदाभिहित अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अनुग्रह सहायता आवेदन को बगैर किसी पर्याप्त व उपयुक्त कारण के निरस्त किया गया, जिससे आवेदिका को समय-सीमा में लाभ नहीं मिला।

जिला कलेक्टर द्वारा अधिनियम के प्रावधान के तहत द्वितीय अपीलीय अधिकारी के अधिकारों का उपयोग कर म.प्र. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 की धारा 5(2) का उल्लंघन होने के कारण सीएमओ पर अधिनियम की धारा 7(1) के तहत एकमुश्त राशि 500 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है।

## मुख्यमंत्री का 15 को शहडोल आगमन प्रस्तावित

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 15 नवम्बर को शहडोल जिले में आगमन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहडोल जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के परिपेक्ष में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



बैठक में अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण रामलाल रौतेल, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री अंजली रमेश, समाजसेवी कमलप्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगन में खड़ी नई बाइक में लगी आग

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बुढ़ार थाना अंतर्गत पकरिया गांव में एक युवक की नई बाइक में अचानक आग लग गई, जिससे बाइक जलकर राख हो गई। युवक ने इसे शरारती तत्वों की हरकत बताते हुए बुढार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इंद्रपाल केवट निवासी जरवाही ने दीपावली के मौके पर एक नई बाइक खरीदी थी वह इस नई बाइक से ससुराल घूमने पहुंचा और बाइक घर के आंगन में खड़ी कर दी। लेकिन रात में बाइक में अचानक आग लग गई और बाइक जलकर राख हो गई। आग की तेज लपटें उठते देख इंद्रपाल और घर के लोग बाहर आए। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश भी की, लेकिन तेज लपटों ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बाइक जलकर राख हो गई।

इंद्रपाल का कहना है कि उसे आग लगने का कारण नहीं पता, लेकिन उसे संदेह है कि किसी शरारती तत्व ने उसकी बाइक में आग लगाई है। बुढार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि मामले में आगजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।